राज्यपाल सचिवालय
राज भवन जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र से मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल ने मुलाकात की

श्री राम जन्मभूमि मंदिर स्मारक डाक टिकट एवं पुस्तक राम–मय जीवन संस्कृति की गौरव गाथा – राज्यपाल

जयपुर, 28 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से बुधवार को राजभवन में राजस्थान वृत्त के मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल श्री वीरेन्द्र कुमार गुप्ता ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल श्री मिश्र को श्री राम जन्मभूमि मंदिर पर जारी स्मारक डाक टिकटों का सेट और दुनिया के विभिन्न देशों में भगवान श्री राम पर जारी डाक टिकटों से जुड़ी यात्रा की पुस्तक भेंट की।

राज्यपाल श्री मिश्र ने स्मारक डाक टिकट के अंतर्गत श्री रामजन्म भूमि मंदिर और वहां पर उत्कीर्ण श्री गणेश, हनुमान, जटायु, केवटराज और मां शबरी के जारी 6 डाक टिकट सैट की सराहना की। उन्होंने आष्ट्रेलिया, कंबोडिया, कैनेडा, फीजी, इण्डोनेशिया, नेपाल, श्रीलंका, न्यूजीलैण्ड, थाइलैण्ड यूएन, अमेरिका, सिंगापुर जैसे विश्व के 20 से अधिक देशों द्वारा रामायण से जुड़े चरित्रों और कथानकों पर समय–समय पर जारी डाक टिकटों की यात्रा से जुड़ी पुस्तक को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह राम–मय जीवन और संस्कृति की गौरव गाथा है। उल्लेखनीय है कि डाक विभाग द्वारा जारी श्रीराम जन्म भूमि स्मारक डाक टिकट और इस पुस्तक का कुछ समय पूर्व ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने लोकार्पण किया था।

——————